No. of Printed Pages : 6

**BCOC-131**

# B.Com. (CBCS)

# Term-End Examination

# June, 2022

## BCOC-131 : FINANCIAL ACCOUNTING

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt any **five** questions. Each question carries 20 marks.*

---

**1.** (a) Define Accounting. Describe the qualitative characteristics of accounting information. *3+7*

(b) Distinguish between Indian Accounting Standards and International Accounting Standards. *10*

**2.** Why is journal sub-divided ? Name the special journals and state the types of transactions entered in each of them. *5+15*

**3.** Define Depreciation. Distinguish it from Depletion, Amortization and Obsolescence. Describe the methods of recording depreciation in the books of accounts. *2+6+12*

4. (a) What is meant by Balance Sheet ? Give the format of vertical presentation of Final Accounts. *4+10*

(b) Find out the Cost of Goods Sold from the following data extracted from the books of Allied Ltd. for the year ending on 31st March, 2020. *6*

| Particulars | ₹ |
|---|---|
| Stock on 1st April, 2019 | 50,000 |
| Purchases | 10,00,000 |
| Purchase Returns | 50,000 |
| Stock on 31st March, 2020 | 70,000 |
| Direct Expenses | 60,000 |
| Indirect Expenses | 1,00,000 |

5. (a) What is meant by Joint Venture ? Explain the salient features of Joint Venture. *3+7*

(b) Distinguish between the following : *5+5*

(i) Joint Venture and Consignment

(ii) Joint Venture and Partnership

6. What do you mean by Invoice Price ? Give reasons for consigning the goods at invoice price. Name the items which are recorded at invoice price in consignment account. Give journal entries passed for the adjustment of loading in respect of each item. *3+6+3+8*

**7.** What are the main objectives of maintaining the branch accounts ? Explain how branch stock account helps in keeping effective control over the branch stock. *8+12*

**8.** On 1st January, 2018, X Ltd. purchased 10 machines from Y Ltd. on hire-purchase system. Payment was to be made over a period of 3 years in equal half yearly instalments of ₹ 7,385 payable on 30th June and 31st December each year. Cash price was ₹ 4,000 per machine and the rate of interest was 8% p.a. payable on half yearly balances. X Ltd. depreciated the machines @ 20% p.a.

On 1st January, 2019, after paying two instalments, X Ltd. transferred the machines to Z Ltd. for a consideration of ₹ 10,000. Z Ltd. paid this amount on 10th January, 2019 and the next instalment to Y Ltd. on the due date.

Prepare necessary accounts in the books of X Ltd. and Y Ltd. *10+10*

**9.** What is meant by Computerized Accounting ? Explain its merits and demerits. State the considerations to be kept in mind while choosing an Accounting Software. *2+6+6+6*

# बी.कॉम. (सी.बी.सी.एस.)

# सत्रांत परीक्षा

# जून, 2022

## बी.सी.ओ.सी.-131 : वित्तीय लेखाकरण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं ।*

**1.** (क) लेखांकन को परिभाषित कीजिए । लेखांकन जानकारी की गुणात्मक विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *3+7*

(ख) भारतीय लेखांकन मानकों एवं अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानकों में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *10*

**2.** जर्नल का उप-विभाजन क्यों किया जाता है ? विशिष्ट जर्नल के नाम बताइए और बताइए कि उनमें से प्रत्येक में किस प्रकार के लेनदेनों की प्रविष्टि की जाती है । *5+15*

**3.** मूल्यह्रास को परिभाषित कीजिए । मूल्यह्रास से अवक्षय, परिशोधन तथा अप्रचलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए । लेखा पुस्तकों में मूल्यह्रास को रिकॉर्ड करने की विधियों का वर्णन कीजिए । *2+6+12*

**4.** (क) बैलेंस शीट से क्या अभिप्राय है ? अन्तिम लेखों के लम्बवत् प्रस्तुतीकरण का प्रारूप दीजिए । *4+10*

(ख) 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अलाइड लिमिटेड की पुस्तकों से उद्धृत निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर बेचे गए माल की लागत ज्ञात कीजिए । *6*

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 को स्टॉक | 50,000 |
| क्रय | 10,00,000 |
| क्रय वापसी | 50,000 |
| 31 मार्च, 2020 को स्टॉक | 70,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 60,000 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | 1,00,000 |

**5.** (क) संयुक्त उद्यम से क्या अभिप्राय है ? संयुक्त उद्यम की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3+7*

(ख) निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए : *5+5*

(i) संयुक्त उद्यम एवं प्रेषण

(ii) संयुक्त उद्यम एवं साझेदारी

**6.** बीजक मूल्य से आपका क्या अभिप्राय है ? बीजक मूल्य पर माल को प्रेषित करने के कारण दीजिए । उन मदों (आइटम्स) के नाम बताइए जो प्रेषण खाते में बीजक मूल्य पर रिकॉर्ड किए जाते हैं । प्रत्येक मद (आइटम) के संबंध में लोडिंग के समायोजन के लिए की जाने वाली जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए । *3+6+3+8*

**7.** ब्राँच लेखे बनाए रखने के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? यह समझाइए कि ब्राँच स्टॉक खाता किस प्रकार ब्राँच स्टॉक पर प्रभावपूर्ण नियंत्रण रखने में सहायक होता है । *8+12*

**8.** 1 जनवरी, 2018 को एक्स लिमिटेड ने वाई लिमिटेड से 10 मशीनें अवक्रय पद्धति पर खरीदी । मूल्य का भुगतान 3 वर्षों में ₹ 7,385 प्रत्येक छमाही के बाद 30 जून व 31 दिसम्बर को किया जाएगा । रोकड़ मूल्य प्रति मशीन ₹ 4,000 था और ब्याज की दर 8% वार्षिक थी जो अर्ध-वार्षिक शेषों पर देय था । एक्स लिमिटेड ने मशीनों पर 20% वार्षिक की दर से मूल्यह्रास लगाया ।

1 जनवरी, 2019 को दो किस्तों का भुगतान करने के बाद एक्स लिमिटेड ने ₹ 10,000 के प्रतिफल के बदले मशीनें ज़ेड लिमिटेड को हस्तांतरित कर दीं । ज़ेड लिमिटेड ने 10 जनवरी, 2019 को यह राशि एक्स लिमिटेड को चुका दी और अगली किस्त देय तिथि पर वाई लिमिटेड को चुकाई ।

एक्स लिमिटेड और वाई लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिए । *10+10*

**9.** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली से क्या अभिप्राय है ? इसके गुण एवं दोषों की व्याख्या कीजिए । एक लेखांकन सॉफ्टवेयर का चयन करते समय किन घटकों को ध्यान में रखना चाहिए ? बताइए । *2+6+6+6*

---